>

Title: Need to re-start the work of Sidhvasarani Irrigation Project in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई): महोदय, सदन में अपने संसदीय क्षेत्र जमुई के जनहित की प्रमुख समस्या की ओर मा. जल संसाधन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि सिधवासरणी सिंचाई जलाशय परियोजना जो खड़कपुर में बननी है, के संदर्भ में आग्रह है कि वर्ष 1978-79 में यह योजना स्वीकृत हुई थी एवं उस समय 3.50 करोड़ रूपए का कार्य हुआ था तथा नहर बनाने में 10 करोड़ का खर्च हुआ है। लेकिन वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिये जाने के कारण इस योजना का कार्य अवरूद्ध हो गया है। इस डैम के बनने से लगभग 4000 हेक्टर भूमि की सिंचाइ की जाएगी एक पन बिजली भी बनायी जाएगी।

अतः जनहित के लिए शीघ्र वन विभाग से एनओसी दिलाकर डैम बनाने का कार्य किया जाए।